# दूसरे की जमीन को अपनी बताकर 30 लाख ठगे

## आंबा चंदन में फर्जी कॉलोनी विकसित करने का दिया झांसा, दो आरोपियों पर केस दर्ज

**महू, 24 फरवरी. जमीन के नाम पर फर्जीवाड़ा कर लाखों रुपये ऐंठने का मामला महू क्षेत्र से सामने आया है. आरोपियों ने ग्राम आंबा चंदन स्थित एक जमीन को अपनी बताकर प्लॉट का सौदा किया और फर्जी कॉलोनी विकसित करने का झांसा देकर पीड़ित से करीब 30 लाख 91 हजार 600 रुपये वसूल लिए. महू पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी एवं साजिश का प्रकरण दर्ज किया है.**




पुलिस के मुताबिक फरियादी किशोर परिहार की शिकायत पर आरोपी विकास परमार निवासी असरावद खुर्द, तेजाजी नगर तथा गजेंद्र मंडलोई निवासी ग्राम दतोदा, सिमरोल के खिलाफ मामला दर्ज किया है. शिकायत में बताया गया कि दिसंबर 2023 में आरोपियों ने आंबा चंदन स्थित एक जमीन दिखाकर दावा किया था कि उक्त भूमि उनकी है और वहां कॉलोनी विकसित की जा रही है. आरोपियों के झांसे में आकर फरियादी ने प्लॉट के लिए एग्रीमेंट किया और अलग-अलग किश्तों में 30,91,600 रुपये का भुगतान कर दिया.

बाद में जांच करने पर सामने आया कि संबंधित जमीन आरोपियों के नाम पर नहीं है और न ही वहां कॉलोनी विकसित करने की कोई वैधानिक अनुमति है. पीड़ित द्वारा रुपये वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करते रहे. पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद प्रकरण दर्ज कर लिया है. दोनों आरोपी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश की जा रही है.

### प्रॉपर्टी निवेश के नाम पर 21 .30 लाख ठगे

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी में निवेश का झांसा देकर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. सब उपनिरीक्षक सुनील यादवने बताया कि शिकायत के जांच नस्ती के आधार पर मामला मामला दर्ज किया है. प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी अक्षय पिता अनिल जायसवाल निवासी शिवालिक अपार्टमेंट, लिंबोदी ने आशीष पिता कमल चौधरी उम्र 32 निवासी 11/1 नीम चौक, बिजलपुर इंदौर तथा अन्य व्यक्तियों को प्रॉपर्टी में निवेश कराने और अधिक मुनाफा दिलाने का लालच दिया. साथ ही क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान से लाभ कमाने का प्रलोभन भी दिया. आरोप है कि उक्त झांसे में लेकर आरोपी ने आवेदकों से 21,30,000 रुपये से अधिक की राशि प्राप्त कर हड़प ली. लेन-देन का संबंध महालक्ष्मी नगर स्थित 'रुषिका प्रॉपर्टी सॉल्यूशन' कार्यालय से जुड़ा बताया जा रहा है. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है तथा आर्थिक लेन-देन के दस्तावेजों की जांच की जा रही है.

# इंदौर में गिद्धों की हुई जोरदार वापसी

- 1 साल में संख्या दोगुनी, चोरल की पहाड़ियां बनीं नया ठिकाना



नव भारत न्यूज

**इंदौर, 24 फरवरी. कभी आसमान से लगभग गायब हो चुके गिद्ध अब इंदौर वनमंडल के आकाश में फिर से चक्कर लगाते नजर आ रहे हैं. ताजा शीतकालीन गणना में गिद्धों की संख्या एक ही साल में दोगुनी हो गई है. यह बदलाव न सिर्फ वन विभाग के लिए राहत भरा है, बल्कि पर्यावरण संतुलन के लिहाज से भी अहम संकेत माना जा रहा है.**

इंदौर वनमंडल के वरिष्ठ वन संरक्षक प्रदीप मिश्रा, आईएफएस ने बताया कि चोरल क्षेत्र में सुरक्षित आवास, पर्याप्त भोजन और कम मानवीय हस्तक्षेप के कारण गिद्धों की संख्या तेजी से बढ़ी है. उन्होंने कहा कि यह वृद्धि सुनियोजित संरक्षण, फील्ड मॉनिटरिंग और स्थानीय स्तर पर जागरूकता के प्रयासों का परिणाम है. 20 से 22 फरवरी 2026 के बीच हुई गणना में इंदौर वनमंडल में कुल 151 गिद्ध दर्ज किए. पिछले साल यह आंकड़ा 73 था, यानी एक वर्ष में 78 गिद्धों की बढ़ोतरी हुई है. सभी गिद्ध ईजिप्शियन प्रजाति के पाए गए हैं. सबसे ज्यादा चहल-पहल चोरल क्षेत्र में दिखी, जहां अकेले 127 गिद्ध दर्ज किए. इसके मुकाबले महू में 4, मानपुर में 5 और इंदौर रेंज में 15 गिद्धों की मौजूदगी दर्ज हुई. पिछले वर्ष चोरल में सिर्फ 14 गिद्ध मिले थे, जिससे साफ है कि यह इलाका तेजी से सुरक्षित ठिकाने के रूप में उभर रहा है. राज्य स्तर पर भी तस्वीर उत्साहजनक है.

# वाहन चालकों को 3400 हेलमेट बांटे

**हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें अभियान का 20वां आयोजन**

**पलासिया चौराहे पर वृहद जनजागरुकता कार्यक्रम**




**इंदौर, 24 फरवरी. सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा 'हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें' अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है.**

पुलिस आयुक्त के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के तहत अब तक 20 कार्यक्रम आयोजित कर 3400 जरूरतमंद वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए जा चुके हैं.

पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 24 फरवरी 2026 को पलासिया चौराहे पर 20वां वृहद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. यातायात पुलिस द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें सड़क सुरक्षा का महत्व समझाया तथा हेलमेट धारण करने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम के दौरान जिन वाहन चालकों के दस्तावेज पूर्ण पाए गए, उन्हें हेलमेट प्रदान किए.

### शिवपुरी में सरपंच के बेटे पर कुल्हाड़ी और तलवार से हमला

**शिवपुरी.** शिवपुरी में सरपंच के बेटे को कुल्हाड़ी और तलवार से वार कर हत्या कर दी. उसके पेट, हाथ और शरीर अन्य हिस्सों में गहरी चोट लगी है. वहीं सरपंच समेत 3 अन्य लोगों पर भी तलवार और कुल्हाड़ी से हमला किया गया, जिससे वह घायल हो गए हैं. मामला मायापुर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक मरने वाले का नाम युधिष्ठिर यादव है जो मुहासा ग्राम पंचायत के सरपंच राजेंद्र सिंह यादव का बेटा है. युधिष्ठिर यादव पर हमले के बाद का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह खून से लथपथ दर्द से तड़पता हुआ दिख रहा है.

# युद्धक विमानों की गड़गड़ाहट से गूंजा आसमान

- कल से प्रारंभ होगा वायुशक्ति-2026



**ग्वालियर, 24 फरवरी. २६ से शुरू होने वाले 'वायुशक्ति-2026' युद्धाभ्यास को लेकर ग्वालियर के महाराजपुरा एयरफोर्स स्टेशन और ग्वालियर के आकाश पर युद्धक विमानों की गड़गड़ाहट बढ़ गई है. इसी के चलते आज सुबह से फाइटर जेट्स की बढ़ी हुई हलचल को महसूस किया गया.**

इसको लेकर वायुसेना ने अधिकृत रूप से तो कोई बात नहीं कही है लेकिन जानकारों का कहना है कि ग्वालियर के आकाश में युद्धक विमानों की गड़गड़ाहट बढ़ने का मुख्य कारण आगामी 'वायुशक्ति-2026 युद्धाभ्यास की तैयारी है. उल्लेखनीय है कि भारतीय वायुसेना का बड़ा युद्धाभ्यास 'वायुशक्ति-26' आगामी 27 फरवरी को राजस्थान के पोखरण में आयोजित होने वाला है. 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद वायुसेना अपनी परिचालन क्षमता को लगातार उच्चतम स्तर पर रख रही है. नियमित ट्रेनिंग मिशन के तहत भी विमानों की उड़ानें बढ़ाई गई हैं ताकि किसी भी स्थिति के लिए तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके. युद्धाभ्यास से पहले विमानों के इंजन और रडार सिस्टम की सघन जांच के लिए भी टेस्ट फ्लाइट्स की जाती हैं.

ग्वालियर का एयरबेस मिराज-2000 और सुखोई जैसे प्रमुख लड़ाकू विमानों का गढ़ है. इस मेगा शो से पहले विमानों की फुल-स्केल रिहर्सल और फॉर्मेशन प्रैक्टिस की जा रही है, जिसकी वजह से ग्वालियर के आसपास आसमान में गर्जना बढ़ गई है .ग्वालियर बेस विशेष रूप से मिराज-2000 लड़ाकू विमानों का मुख्य केंद्र है. वायुशक्ति अभ्यास में इन विमानों की अहम भूमिका होती है (जैसे लेजर गाइडेड बमबारी का प्रदर्शन). पायलट अपनी सटीकता और 'टाइमिंग' को परखने के लिए सुबह से ही 'सॉर्टीज' ले रहे हैं.

## एक नजर में



### पुलिसकर्मी और उसके बेटे ने कर्मचारी को पीटा

**जबलपुर.** कोतवाली क्षेत्र में कचरा खाली करने गए एक सफाई कर्मचारी के साथ पुलिस जवान और उसके बेटे पर मारपीट किए जाने का आरोप है. सफाई कर्मचारियों ने थाने का घेराव कर दिया है और मारपीट करने वाले पिता पुत्र पर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए. पीड़ित संतोष नाहर निवासी चंडालभाटा ने बताया कि वह अपनी नियमित ड्यूटी के दौरान दरहाई के पास कचरा खाली करने गया था. वहां मौजूद पुलिस जवान शैलेंद्र सोनी और उनके पुत्र ने कचरा डालने का विरोध किया. संतोष का दावा है कि विरोध के बाद उसने कचरा वापस गाड़ी में भर लिया था, लेकिन इसके बावजूद पिता-पुत्र ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी. पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उसे घसीटते हुए थाने ले गए. वहां सुपरवाइजर की मौजूदगी में भी उसके साथ मारपीट की गई. घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी थाने पहुंच गए और पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया. फिलहाल मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है और आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है.

### आरआई रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**मुरैना.** मुरैना तहसील में पदस्थ राजस्व निरीक्षक राकेश जैन को ग्वालियर लोकायुक्त टीम ने एक हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. आरोपी आरआई गोपियापुरा जिला मुरैना निवासी किसान संतोष कुशवाहा से रिश्वत ले रहा था. किसान अपने बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने तहसील कार्यालय पहुंचा था, जहां आरआई ने काम करने के एवज में दो हजार रुपए की मांग की. किसान ने पहले एक हजार रुपए दिए लेकिन शेष राशि की मांग जारी रहने पर उसने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत का सत्यापन करने के बाद लोकायुक्त टीम ने जाल बिछाया. तय योजना के अनुसार किसान ने मंगलवार को आरआई को एक हजार रुपए दिए, तभी लोकायुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया. लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.






### जैन मिलन ने कराई कुलैथ अतिशय क्षेत्र की दर्शन यात्रा

**ग्वालियर.** जैन मिलन महिला शाखा, फालका बाजार, लश्कर द्वारा जैन तीर्थ रक्षा अभियान वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कुलैथ अतिशय क्षेत्र दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया. बहनों ने गस्त का ताजिया से वेन एवं कार द्वारा प्रस्थान किया. कुलैथ पहुँचकर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से श्री शांतिनाथ विधान, अभिषेक एवं आरती की गई, जिससे वातावरण भक्ति मय बन गया. कार्यक्रम में शाखा की समस्त बहनों एवं परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.

# मालनपुर में ठेकों को लेकर हिंसक झड़प

**फायरिंग के बाद चले लाठी-डंडे**



**भिंड, 24 फरवरी. जिले के मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में इंडस्ट्रीज पर दबदबा बनाने और ठेके हासिल करने को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई. घिरोंगी गांव में हुए इस विवाद के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, लाठी-डंडे चले और हवाई फायरिंग की गई.**

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर 8 लोगों के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है. वर्चस्व की लड़ाई को लेकर घिरोंगी गांव में यह विवाद भड़क गया. दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और फायरिंग हुई. इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया.

इस हिंसक विवाद में एक पक्ष की ओर से सचिन उर्फ अंकुश पुत्र मंगल सिंह गुर्जर की शिकायत पर भोलू, भानु, दीपू घिरोंगी और पंकज निवासी महाराजपुरा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. वहीं दूसरे पक्ष की ओर से धर्मेंद्र पुत्र पंजाब सिंह गुर्जर की शिकायत पर विष्णु, सचिन गुर्जर, मोहित और सुनील गुर्जर निवासी घिरोंगी के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है.

### टोल हटाने की मांग को लेकर फायरिंग

**ग्वालियर.** भिंड हाइवे को सिक्स लेन बनाए जाने की कथित मांग को लेकर एक बुलेट पर सवार दो युवकों ने टोल प्लाजा पर ताबड़तोड़ फायरिंग करके दहशत फैला दी. फायरिंग के बाद आरोपी टोल दफ्तर में एक पर्ची फेंककर गए हैं, जिसमें लिखा है या तो हाइवे बनाओ या टोल हटाओ. घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है और घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है. घटना महाराजपुरा थाना अंतर्गत बरेठा टोल प्लाजा की बताई जा रही है.

### कलेक्टर ने 68 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया नोटिस

**मऊगंज.** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने नईगढ़ी परियोजना की 68 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को पद से पृथक करने का नोटिस जारी किया है. उल्लेखनीय है कि विभागीय समीक्षा बैठक में लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति न करने एवं विभागीय कार्यक्रमों में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी किया गया है. जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी ने बताया कि अकौरी 1, अकौरी 2, भीर 1, भीर 2, भीर 3, भीर 4, जरकटी रामशरण, तेंदुआ आदि को नोटिस दिया है.

# रीवा जिले में साधू के भेष में महिला से 10 लाख की ठगी

- सोने-चांदी के जेवरात ले गया बदमाश
- गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चौड़ियार गांव की घटना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 फरवरी, रीवा जिले के गुढ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चौडियार में साधू के भेष में आए दो लोगों ने महिला को ठगी का शिकार बनाया है और तकरीबन 10 लाख रुपए के सोने के जेवरात लेकर आरोपी फरार हो गए. महिला ने घटना की शिकायत गुढ़ थाने में दर्ज कराई है.**

घटना के संबंध में पीड़िता रेनू पति रामजी कुशवाहा निवासी ग्राम चौड़ियार ने जानकारी देते हुए बताया कि शाम 3-4 बजे हमारे यहां साधू के भेष में दो लोग आए. जिन्होंने उनके घर के संबंध में पहले तो सही जानकारी दी और उसके बाद पूजा पाठ का लालच देकर चावल के पांच दाने मंगवाए. महिला ने बताया कि दोनों साधुओं ने चावल के पांच दानों को भंडार गृह में ले जाकर रखने को कहा. महिला ने बताया कि वह चावल के दाने ले जाकर भंडार गृह में रख दे. इसके बाद साधुओं ने महिला से कागज मंगवाया जबकि मौके पर मौजूद पति रामजी को पानी के लिए भेज दिया.

### अनियंत्रित वाहन ने कुचला ट्रैक्टर के हेल्पर की मौत

**जबलपुर.** सिहोरा मझौली बाईपास पर आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे में ट्रैक्टर के हेल्पर की मौत हो गई. घटना उस वक्त हुई जब सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर के पहिए में हेल्पर हवा चेक कर रहा था, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार आयशर वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कटनी निवासी गिरीश यादव ड्राइवर है जो अपने हेल्पर महिपाल सिंह गौड़ पिता जोहर सिंह निवासी सलैया खुर्द के साथ सुबह करीब 5:30 बजे ट्रैक्टर में भूसा लादकर परियट जा रहे थे. मझौली बाईपास के पास ट्रैक्टर रोककर हेल्पर महिपाल सिंह टायर की हवा चेक करने के लिए नीचे उतरा था.

# कार में छिपाकर रखी थी 'एमडी'

**कार्रवाई**

- क्राइम ब्रांच ने आरोपी को दबोचा लिया
- पुलिस वाहन देख भागने की कोशिश
- 10 ग्राम मादक पदार्थ सहित कार व मोबाइल जब्त

**इंदौर, 24 फरवरी. शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने एक युवक को 10 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ 'एमडी' के साथ गिरफ्तार किया है.**

जब्त एमडी की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपए बताई गई है. आरोपी के कब्जे से एक चारपहिया वाहन व मोबाइल फोन सहित 12.50 लाख रुपए का माल जब्त किया है.

एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि घटना रुद्र एजेंसी बिल्डिंग के समीप खाली मैदान की है. क्राइम ब्रांच की टीम संदिग्धों की तलाश में क्षेत्र में गश्त कर रही थी. इसी दौरान एक किया कंपनी की कार में बैठा युवक पुलिस वाहन को देखकर तेजी से भागने का प्रयास करने लगा. टीम ने शासकीय वाहन से घेराबंदी कर कार को रोक लिया. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सूरज मिश्रा निवासी नंदबाग इंदौर बताया. तलाशी के दौरान कार की ड्राइविंग सीट के पास बने आर्म रेस्ट बॉक्स से एक पारदर्शी पन्नी में रखी 10 ग्राम 'एमडी' बरामद की गई.

**अभ्यास** जनरल परेड में 400 अधिकारी और कर्मचारियों ने लिया भाग

# त्योहारों से पहले पुलिस ने किया बलवा ड्रिल

**इंदौर, 24 फरवरी. आगामी होली और रंगपंचमी जैसे त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस ने रक्षित केंद्र में जनरल परेड और बलवा ड्रिल का आयोजन किया. पुलिस आयुक्त के निर्देशन में आयोजित इस अभ्यास में पुलिस बल को किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का प्रशिक्षण दिया.**



परेड की सलामी पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने ली. इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) अमित सिंह की उपस्थिति में सभी पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी, रक्षित निरीक्षक सहित शहर के विभिन्न थानों, यातायात एवं रक्षित केंद्र के करीब 400 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए. पुलिस आयुक्त ने परेड का निरीक्षण कर अधिकारियों और कर्मचारियों की वेशभूषा, अनुशासन व कदमताल का अवलोकन किया.

थाना प्रभारी और एसीपी स्तर तक के अधिकारियों ने स्कॉट ड्रिल व कदमताल का अभ्यास किया. बेहतर प्रदर्शन करने वालों को प्रोत्साहित किया, जबकि कमियों पर सुधार के निर्देश दिए. अभ्यास के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने बलवा की स्थिति में पुलिस की रणनीति, उपकरणों के उपयोग और टीम समन्वय के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया. बलवा ड्रिल सामग्री पहनने की विधि, टियर गैस गन की हैंडलिंग, विभिन्न सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा उपद्रवियों से निपटने के तरीके का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया.

### 1 अप्रैल से महंगी हो सकती है रोशनी

**ग्वालियर.** ग्वालियर चंबल के बिजली उपभोक्ताओं के लिए नए वित्त वर्ष की शुरुआत झटके वाली हो सकती है. प्रदेश की तीनों बिजली वितरण कंपनियों ने आगामी 1 अप्रैल से टैरिफ में भारी बढ़ोतरी का प्रस्ताव मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग को सौंप दिया है. यदि आयोग इस प्रस्ताव पर मुहर लगाता है, तो आम आदमी की रसोई से लेकर उद्योगों के बजट तक, सब कुछ प्रभावित होना तय है. पावर मैनेजमेंट कंपनी ने अपनी याचिका में लगभग 6,044 करोड़ रुपए के राजस्व घाटे का हवाला दिया है. कंपनियों का कहना है कि कोयले की कीमतों में अस्थिरता, परिचालन व्यय में वृद्धि और पुराने वित्तीय घाटों की भरपाई के लिए 10.19 प्रतिशत की औसत वृद्धि अपरिहार्य है.

# पटवारियों के समर्थन में लामबंद हुए रीवा के पटवारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 फरवरी, मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल के आह्वान पर प्रदेश के समस्त जिलों के साथ साथ रीवा जिले के पटवारियों ने प्रमुख सचिव राजस्व और सी एल आर भू संशाधन एवं प्रबंधन के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है.**



ज्ञात हो कि विगत दिनों से अनूपपुर जिले में पटवारियों के खिलाफ कलेक्टर द्वारा की गई मनमानी और तानाशाही पूर्ण रवैये से पिछले कई दिनों से जिले के पटवारी हड़ताल पर है. अनूपपुर जिले में जैतहरी तहसील के समस्त पटवारियों का वेतन जुलाई 2025 में रोका गया था, जो कि आज तक भुगतान नही किया गया है. अनूपपुर जिले के पटवारियों की समस्याओं के निराकरण नही होने की दशा में उनके समर्थन में दिनांक 25 एवं 26 फरवरी को रीवा जिले के समूर्ण पटवारी भी प्रदेश के पटवारियों के साथ साथ सामूहिक अवकाश पर रहेंगे. अगर मांगों का निराकरण नही हुआ तो प्रदेशव्यापी आंदोलन होगा. संभागीय अध्यक्ष पटवारी संघ के जवाहरलाल शुक्ला, जिलाध्यक्ष अनन्त प्रताप सिंह, जिला सचिव रवि विश्वकर्मा, अमित मिश्रा, सन्तोष पांडेय, अनिल मिश्रा मौजूद रहे.